प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश विश्वविद्यालय के आपदा अनुसंधान केंद्र को बादल फटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति के वैज्ञानिक अध्ययन के निर्देश दिए हैं। शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बादल फटने की घटनाएं लगातार होने से मानव जीवन सहित संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को क्षमता निर्माण सुदृढ़िकरण के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 6 करोड़ रूपए आबंटित करने के भी निर्देश दिए। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस दौरान मौजूद रहे।

भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा है कि प्रदेश में विकास पूरी तरह ठप्प है और कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को आर्थिक रूप से दिवालिया करने का काम किया है। मंडी में आज भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल में हर मोर्चे पर विफल रही है। सौदान सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं बंद कर आम जनता के साथ धोखा किया है। सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस जिन झूठी गारंटियों के साथ सत्ता में आई थी वही गारंटियां आज जनता के दिलों में पीड़ा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और पैंशनरों सहित हर वर्ग कांग्रेस सरकार की नीतियों से परेशान है।

जयराम ठाकुर

प्रदेश के शहरी निकायों में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार लगातार जारी है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज सोलन नगर निगम के तहत गंज बाजार में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की साढ़े तीन वर्ष की कार्यप्रणाली निराशाजनक रही है और इन चुनावों में सरकार की नाकामी ही सबसे बड़ा मुद्दा है।

हवाई सेवा

दिल्ली से शिमला के लिए हवाई सेवाएं कल 10 मई जबकि शिमला से धर्मशाला के लिए सोमवार 11 मई से शुरू होने जा रही है। दिल्ली–शिमला हवाई सेवाएं मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन जबकि शिमला से धर्मशाला के लिए मंगलवार और रविवार को छोड़कर सप्ताह में 5 दिन होंगी। इन सेवाओं के शुरू होने से राज्य में हवाई सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि इससे राज्य में पर्यटन व व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

प्रदर्शनी

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में महासू आर्ट की वार्षिक कला प्रदर्शनी आज शुरू हुई। 14 मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कलाकारों ने कैनवास पर रंगों के माध्यम से सामाजिक सरोकार, पहाड़ी संस्कृति और समसामयिक मुद्दों को उकेरा है, जो सराहनीय है।

बाद में मीडिया से बातचीत में प्रतिभा सिंह ने शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को शिफ्ट करने के अपनी ही सरकार के फैसले पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं और उनकी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए वे इस मुद्दे पर सरकार से बातचीत करेंगी।

निष्कासन

भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। पार्टी कार्यालय के अनुसार धर्मशाला नगर निगम में 5 जबकि नाहन नगर परिषद में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार की प्राथमिक सदस्यता को निलंबित किया गया है।

पुरस्कार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। देशभर से चुनी गई 42 पंचायतों को ये पुरस्कार दिए जाएंगे। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 3 जून को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

वॉर रूम

शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में 4 नगर निगमों में होने वाले चुनावों के लिए वॉर रूम बनाया गया है। वॉर रूम के प्रभारी हरिकृष्ण हिमराल ने आज अन्य सदस्यों के साथ कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वॉर रूम का मुख्य कार्य फील्ड में पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित अपडेट करना, दैनिक आधार पर चुनाव प्रचार से जुड़ी रिपोर्ट लेना और पार्टी की ओर से जारी दिशा–निर्देशों को उन तक पहुंचाना है।